Trust No. IV-47

E-mail: maharshiseps@gmail.com

# महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान

ग्राम +पोस्ट–खड़बाडीह, तहसील–जखनियाँ, जिला–गाजीपुर, पिन कोड–275205

Mob.: 9415993242, 8737830605

दिनांक 06/05/2022

## महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान की बैठक दिनांक 06/05/2022 का कार्यवृत

दिनांक 02/06/2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेंडा के आलोक में आज दिनांक 06/05/2022 को महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ग्राम व पोस्ट–खड़बाडीह, जिला–गाजीपुर, उत्तर प्रदेश के प्रबंध कारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष / चेयरमैन अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेंडा के आलोक में बैठक आरंभ हुई

**एजेंडा :–**

1. प्रबंध समिति की पिछली बैठक की पुष्टि है प्रस्ताव।
2. पूर्व प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

| क्रमांक | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | अनिल कुमार सिंह | अध्यक्ष / मैनेजिंग ट्रस्टी / चेयरमैन | अनिल कुमार सिंह |
| 2. | सविता सिंह | उपाध्यक्ष / वाइस चेयरमैन | Sabita Singh |
| 3. | सुशील कुमार सिंह | सचिव | Sushil Kumar Singh. |
| 4. | किरन सिंह | उपसचिव | किरन |
| 5. | समीर सिंह | सदस्य | Sameer Singh |
| 6. | महर्षि निखिल सिंह | सदस्य | mns |

गणपति को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरंभ हुई :–

**प्रस्ताव –1–** प्रबंध कारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही उपाध्यक्ष श्रीमती सविता सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

**प्रस्ताव–2–** किरन सिंह उपसचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए ट्रष्ट द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिस के क्रम में ट्रस्ट द्वारा हाई कोर्ट में रिट भी दाखिल की गई है। अतः ट्रस्ट द्वारा ग्राम व पोस्ट–खड़बाडीह, तहसील–जखनिया, जिला–गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

**अनुमोदन–** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्राम व पोस्ट–खड़बाडीह, तहसील–जखनियॉ, जिला–गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कालेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना संबंधी कार्यवाही हेतु अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को अधिकृत किया गया तथा उक्त कालेज की स्थापना में जैसे भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन

उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्य हेतु भी अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव–3**– सुशील कुमार सिंह सचिव ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑफ फार्मेसी नाम प्रस्तावित किया।

**अनुमोदन**– उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कालेज का नाम महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑफ फार्मेसी रखने का समर्थन किया।

**प्रस्ताव–4**– किरन सिंह उपसचिव यह प्रस्ताव किया प्रस्तावित कालेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम व पोस्ट–खड़बाडीह, तहसील जखनियाँ, जिला–गाजीपुर उ0प्र0 में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा सं0 844, 846, 1485 रकबा 1.2370 हे0 में 0.800 हे0 (2.0 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कालेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

**अनुमोदन**– उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्वसम्मति से ग्राम व पोस्ट–खड़बाडीह, तहसील–जखनिया, जिला–गाजीपुर में उपलब्ध से ट्रस्ट की भूमि गाटा सं0 844, 846, 1485 रकबा 1.2370 हे0 में 0.800 हे0 (2.0 एकड़) को महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑफ फार्मेसी के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया गया तथा अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव–5**– समीर सिंह सदस्य ने प्रस्तावित महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑफ फार्मेसी के सुगम संचालन एवं प्रबंध हेतु ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह को उक्त कालेज के संस्था प्रमुख/अध्यक्ष (Head of Institution/ President) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

**अनुमोदन**– उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह को प्रस्तावित महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑफ फार्मेसी के संस्था प्रमुख/अध्यक्ष (Head of Institution/ President)/चेयरमैन के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन सभा ने प्रस्तावित महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑफ फार्मेसी की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियों के निष्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय प्रस्तावना होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद उपरान्त सभा की कार्यवाही समपन्न हुयी।

चेयरमैन
महर्षि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
खड़बाडीह, गाजीपुर